# परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय – 5

**अणुशक्तिनगर, मुंबई 400 094**

## प्रथम सामयिक परीक्षा

**(2023-24)**

**कक्षा : नवीं**
**विषय : हिन्दी**
**अंक : 40**
**समय : 90 मिनट**

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।
2. प्रश्नपत्र के प्रश्नों की संख्या 8 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1 x 5 = 5)**

हमारी एकता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उत्तर या दक्षिण चाहे जहाँ भी चले जाइए, आपको जगह-जगह एक ही संस्कृति के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च दिखाई देंगे । उत्तर भारत के लोगों का जो स्वभाव है, जीवन को देखने की उनकी जो दृष्टि है, वही स्वभाव और वही दृष्टि दक्षिण वालों की भी है । भाषा की दीवार के टूटते ही एक उत्तर भारतीय और एक दक्षिण भारतीय के बीच कोई भी भेद नहीं रह जाता और वे आपस में एक दूसरे के बहुत करीब आ जाते हैं । असल में भाषा की दीवार के आर-पार बैठे हुए भी वे एक ही हैं । वे एक धर्म के अनुयायी और संस्कृति की एक ही विरासत के भागीदार हैं, उन्होंने देश की आज़ादी के लिए एक होकर लड़ाई लड़ी । धार्मिक विश्वास की एकता मनुष्य की सांस्कृतिक एकता को पुष्ट करती है । अनेक सदियों में हिन्दू-मुसलमान साथ रहते आए हैं और इस लंबी संगति के फलस्वरूप उनके बीच संस्कृति और तहजीब की बहुत-सी समान बातें पैदा हो गई हैं जो उन्हें दिनों दिन आपस में नजदीक लाती जा रही हैं ।

**(1) एक ही संस्कृति के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च किसका प्रमाण हैं ?**

(क) हमारी एकता का (ख) अलग-अलग पूजा करने के ढंग का
(ग) विभिन्न धर्मों के प्रतीक का (घ) विभिन्न धर्म के विभिन्न देवी-देवताओं का

**(2) भाषा की दीवार टूटने का उत्तर और दक्षिण भारतीयों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

(क) वे अपनी-अपनी भाषा को श्रेष्ठ बताते हैं (ख) उनका भाषा पर मतभेद बाढ़ जाता है
(ग) उनका मतभेद समाप्त हो जाता है (घ) वे एक-दूसरे की भाषा को द्वेष की दृष्टि से देखते हैं

**3. धार्मिक विश्वास की एकता मनुष्य की ----------- मज़बूत करती है ।**

(क) धार्मिक एकता (ख) धार्मिक सहिष्णुता
(ग) सामाजिक एकता (घ) सांस्कृतिक एकता

**4. हिन्दू-मुसलमानों में संस्कृति और तहजीब की अनेक बातें समान होने का कारण था –**

(क) एक–दूसरे देश में आवागमन (आना–जाना) (ख) एक–दूसरे से लड़ना झगड़ना
(ग) एक–दूसरे के साथ–साथ रहना । (घ) एक–दूसरे से स्वयं को श्रेष्ठ समझना

**5. 'सांस्कृतिक शब्द में 'मूल शब्द' और 'प्रत्यय' वाला विकल्प कौन-सा है ?**

(क) संस्कृत + इक (ख) संस्कृति + इक
(ग) संस्कार + इक (घ) संस्कार + तिक

**प्र.2 निम्नलिखित काव्य-अंश पर आधारित बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए । (1 x 5 = 5)**

नव–किरण का रथ सजा है
कलि–कुसुम से पथ सजा है
बादलों से अनुचरों ने स्वर्ण की पोशाक धारी ।
अअ रही रवि की सवारी ।
विहग बंदी और चारण,
गा रहे हैं कीर्ति–गायन,
छोड़कर मैदान भागी तारकों की फौज सारी !
आ रही रवि की सवारी !
चाहता, उछलूँ विजय कह,
पर ठिठकता देखकर यह
रात का राजा खड़ा है राह में बंकर भिखारी !
आ रही रवि की सवारी !

**(1) काव्यांश में किस समय का चित्रण किया गया है ?**

(क) दोपहर का (ख) प्रातःकाल का
(ग) सायंकाल का (घ) आधीरात का

**(2) रवि की सवारी आ रही है । इस सवारी के साथ उसके अनुचर कौन हैं ?**

(क) चंद्रमा (ख) तारे
(ग) बादल (घ) पवन

**(3) रवि रूपी राजा का कीर्तिगायन कौन कर रहे हैं ?**

(क) मनुष्यगन (ख) देवतागण
(ग) आकाश के तारागण (घ) आकाश के पक्षीगण

**(4) रात का राजा भिखारी कैसे बन गया ?**

(क) उसे बंदी बना लिया गया है (ख) वह दूसरों के सामने हाथ फैलाने पर विवश है
(ग) उसकी चमक फीकी पड़ गई है (घ) उसकी प्रजा ने उसे राजा मानने से मना कर दिया है ।

**(5) 'छोड़कर मैदान भागी तारकों की फौज सारी' का क्या अर्थ है ?**

(क) सभी तारे डरकर भाग गए (ख) सूरज ऊग आने से तारे दिख नहीं पाए
(ग) सूरज ने सबको भागा दिया (घ) तारकों की फौज हार गई

**प्र.3 व्याकरण पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए । (1 x 8 = 8 )**

**(1) जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में लगते हैं उन्हें क्या कहते हैं ?**

(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय
(ग) शब्दांश (घ) पद

**(2) 'महानता' शब्द में कौन-सा प्रत्यय हैं ?**

(क) ता (ख) महान
(ग) नता (घ) म

**(3) 'चित्रकार' शब्द में मूल शब्द कौन-सा है ?**

(क) कार (ख) चित्र
(ग) चि (घ) त्रकार

**(4) 'नासमझ' शब्द में उपसर्ग है -**

(क) नास (ख) मझ
(ग) ना (घ) समझ

**(5) इनमें से कौन-से शब्द में प्रत्यय और उपसर्ग दोनों हैं ?**

(क) असफलता (ख) बेईमानी
(ग) लापरवाही (घ) ये सभी शब्द

**(6) 'समास' किसे कहते हैं ?**

(क) दो शब्दों के मेल को (ख) दो वर्णों के मेल को
(ग) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल को (घ) दो पदों के मेल को

**(7) जिस समास में दोनों खंड समान हों, उसे कहते हैं -**

(क) द्वन्द्व समास
(ख) द्विगु समास
(ग) बहुव्रीहि समास
(घ) तत्पुरुष समास

**(8) 'दाल-भात' शब्द का सही विग्रह होगा -**

(क) दाल और भात (ख) दाल तथा भात
(ग) दाल एवं भात (घ) दाल में भात

**(9) 'पक्ष-विपक्ष' निम्न में से कौन-सा शब्द है ?**

(क) तत्सम (ख) तद्भव
(ग) विदेशी (घ) देशज

**(10) 'ल्हासा की ओर' पाठ व्याकरण की किस विधा में लिखा गया है ?**

(क) निबंध (ख) यात्रा-वृत्तांत
(ग) कहानी (घ) रेखाचित्र

**प्र.4 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –**

**(1 x 5 = 5)**

लेकिन गधे का एक छोटा भाई और भी है, जो उससे कम ही गधा है, और वह है 'बैल' । जिस अर्थ में हम गधे का प्रयोग करते हैं, कुछ उसी से मिलते-जुलते अर्थ में 'बछिया के ताऊ' का भी प्रयोग करते हैं । कुछ लोग बैल को शायद बेवकूफ़ों में सर्वश्रेष्ठ कहेंगे; मगर हमारा विचार ऐसा नहीं है । बैल कभी-कभी मारता भी है, कभी-कभी अड़ियल बैल भी देखने में आता है । और भी कई रीतियों से अपना असंतोष प्रकट कर देता है ; अतएव उसका स्थान गधे से नीचा है ।

**(1) गधे का छोटा भाई किसे कहा गया है ?**

(क) कुत्ते को (ख) घोड़े को
(ग) बैल को (घ) साँड को

**(2) उसे कम गधा क्यों कहा जाता है ?**

(क) वह अधिक ताकतवर है । (ख) उसे खली, चूनी, चोकर, दाना, आदि चाहिए ।
(ग) उसमें संतोष की भावना कम है । (घ) उसकी कीमत अधिक है ।

**(3) बैल के बारे में लेखक की राय क्या है ?**

(क) वह बेवकूफ़ों में सर्वश्रेष्ठ है । (ख) वह बहुत बुद्धिमान है ।
(ग) वह पूजने के काबिल है । (घ) वह गधे से कम बेवकूफ़ है ।

**(4) बैल कभी मारता है, कभी काम के लिए अड़ जाता है । ऐसा करके वह क्या प्रदर्शित करता है ?**

(क) अपनी शक्ति (ख) अपनी जिद
(ग) अपना असंतोष (घ) अपना महत्त्व

**(5) 'जो उससे कम ही गधा है ।' वाक्य में गधा शब्द का विपरीतार्थ निम्नलिखित में से क्या है ?**

(क) गधी (ख) मूर्ख
(ग) अज्ञ (घ) होशियार

**प्र.5 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1 x 5 = 5)**

काबा फिरि कासी भया, रामहि भया रहीम ।
मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम ।।

**(1) काबा के काशी होने का तात्पर्य है –**

(क) दोनों का नाम बदल गया (ख) दोनों की दूरी घट गई
(ग) हिन्दू-मुसलमान का भेद मिट गया । (घ) हिन्दू काबा और मुसलमान काशी जाने लगे ।

**(2) 'रामहि भया रहीम' का क्या आशय है ?**

(क) दोनों में समझौता हो गया (ख) राम और रहीम साथ-साथ पूजे जाएंगे ।
(ग) धार्मिक कट्टरता मिट गईं । (घ) मंदिर-मस्जिद साथ-साथ बनेंगे ।

**(3) यहाँ मैदा किसका प्रतीक है ?**

(क) महीन आटे का
(ख) महँगे आटे का
(ग) धार्मिक बुराइयों का
(घ) धर्म की सर्वमान्य बातों का

**(4) कवि ने लोगों को क्या संदेश दिया ?**

(क) केवल मैदा खाना चाहिए ।
(ख) मोटा आटा या मैदा जो मिले उसे खा लेना चाहिए
(ग) अपने धर्म के प्रति कट्टर रहना चाहिए ।
(घ) सभी धर्मों का आदर करना चाहिए ।

**(5) 'काबा' निम्नलिखित में से क्या है ?**

(क) हिंदुओं का पवित्र स्थान
(ख) मुसलमानों का पवित्र स्थान
(ग) सिखों के लिए पवित्र स्थान
(घ) इसाइयों का धार्मिक स्थल

**प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1 x 2 = 2)**

**(1) तिब्बत में बहू या सास अपरिचित यात्रियों की किस तरह मदद करती है ?**

(क) वह चाय पकाकर दे देती है ।
(ख) उन्हें रात में ठहरने की जगह दे देती है ।
(ग) उन्हें सही-सही रास्ता बात देती हैं ।
(घ) उसके लिए सवारी का प्रबंध कर देती हैं ।

**(2) स्वयं को जानने से ईश्वर को कैसे पहचाना जा सकता है ?**

(क) खुद को जानने से भक्ति में मन लगेगा ।
(ख) हम भेदभाव त्याग कर सबको समान मानेंगे ।
(ग) अपने बारे में दूसरों को बात सकेंगे ।
(घ) क्योंकि ईश्वर प्रत्येक प्राणी में बसता है ।

**प्र.7 पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2 x 2 = 4 )**

(क) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ?

(ख) 'ल्हासा की ओर' पाठ में अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

(ग) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ?

**प्र.8 पठित काव्य के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2 x 1 = 2 )**

(क) 'रस्सी' यहाँ किसके लिए प्रयुक्त हुआ है और वह कैसी है ?
(ख) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता फिरता है ?

**प्र.9 पठित पाठ के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए । ( 1 x 4 = 4 )**

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?

(ख) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ़ से चार सुझाव दीजिए ।

*******